भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 930
(दिनांक 22.11.2019 को उत्तर देने के लिए)

बंगाल में रेडियो स्टेशन

930. श्री शान्तनु ठाकुरः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) बनगांव संसदीय क्षेत्र सहित पश्चिमी बंगाल में कितने रेडियो स्टेशन हैं;
(ख) क्या सरकार ने पश्चिमी बंगाल के ग्रामीण क्षेत्रों में रेडियो सिग्नल में सुधार करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क): प्रसार भारती ने सूचित किया है कि पश्चिमी बंगाल में 15 आकाशवाणी केंद्र (एमडब्ल्यू/एफएम) हैं। बनगांव निर्वाचन क्षेत्र में कोई आकाशवाणी (एआईआर) व्यवस्था नही हैं। तथापि, बनगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कोलकाता और चिनसुराह ट्रांसमीटर से एमडब्ल्यू सिग्नल उपलब्ध है।

जहां तक प्राइवेट एफएम का संबंध है, वर्तमान में, पश्चिम बंगाल के 3 शहरों अर्थात कोलकाता (8), आसनसोल (3) और सिलीगुड़ी (3) में 14 प्राइवेट एफएम रेडियो स्टेशन चालू हैं।

(ख) और (ग): प्रसार भारती पश्चिमी बंगाल के ग्रामीण क्षेत्रों सहित अधिकतर क्षेत्रों में रेडियों सेवा प्रदान कर रहा है। राज्य में रेडियों सिग्नलों में सुधार करने हेतु प्रसार भारती ने कोलकाता, सिलीगुडी, चिनसुराह में मियाद समाप्त ट्रांसमीटरों के स्थान पर अत्याधुनिक डिजिटल (डीआरएम) ट्रांसमीटर और कर्सिओंग, कृष्णानगर और बलूरघाट में एफएम ट्रांसमीटर लगाए हैं।

इसके अलावा, कूच बिहार और वर्धामान में एफएम स्टेशनों और अलीपुरद्वार, जिला जलपईगुड़ी में एफएम ट्रांसमीटरों को भी अनुमोदित किया गया है।

मूलतः पश्चिमी बंगाल से चलने वाले चैनलों सहित विभिन्न आकाशवाणी चैनलों का भी डिजिटल प्रसारण स्ट्रीम किया जाता है और ये प्रसार भारती की वेवसाइट www.prasarbharti.gov in के साथ-साथ एंड्रायड और आईओएस प्लेटफार्म पर मोबाइल ऐप "NewsOnAir" पर भी उपलब्ध हैं।

*****